# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**ANNUAL EXAMINATION (2025-26)**
**HINDI (085)**
**SET – 1**

Class: VII | Duration : 3.00 Hrs
Date : 18.03.2026 | Max. Marks: 80
Admission No.: | Roll No.:

---

सामान्य निर्देश 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 22 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप- भाग 'क' : अपठित गद्यांश 14अंक
भाग 'ख' : व्याकरण 17अंक
भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक 24अंक
भाग 'घ' : लेखन- कौशल 25अंक

---

खंड क (अपठित बोध ) ( 14 अंक)

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

चलना मनुष्य का स्वभाव है | पानी भी चलता है , हवा भी चलती है ,समय भी चलता है और मनुष्य भी चलता है| प्राचीन समय में एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचने के लिए मनुष्य मीलों पैदल यात्रा करता था |कई बार यात्रा इतनी लंबी हो जाती थी कि वर्षों लग जाते थे , मार्ग में यात्री बीमार होकर मर भी जाते थे , फिर पालकियों का प्रयोग किया जाने लगा | इन्हें चार लोग उठाते थे , मगर रास्ते में चलते -चलते थके लोगों की जगह लेने के लिए आठ या बारह लोग साथ में चलते थे | पालकियों का प्रयोग स्त्रियों के लिए किया जाता था | पहिए के आविष्कार ने मनुष्य का जीवन ही बदल दिया | इसके आविष्कार से सर्वप्रथम बैलगाड़ी द्वारा यात्रा सुगम सस्ती होने लगी | धीरे- धीरे इसी पहिए से मशीन से चलने वाली गाड़ियां सड़कों पर दौड़ने लगीं |

**(i)** गद्यांश के अनुसार कौन-सी चीज़ें चलती हैं? **[1]**

**(a)** केवल मनुष्य **(b)** केवल समय
**(c)** पानी, हवा, समय और मनुष्य **(d)** केवल पानी और हवा

**(ii)** प्राचीन समय में लोग यात्रा कैसे करते थे? **[1]**

**(a)** रेलगाड़ी से **(b)** बैलगाड़ी से
**(c)** पैदल **(d)** मोटरगाड़ी से

**(iii)** पालकियों का प्रयोग मुख्य रूप से किसके लिए किया जाता था? **[1]**

**(a)** बच्चों के लिए **(b)** सैनिकों के लिए
**(c)** व्यापारियों के लिए **(d)** स्त्रियों के लिए

**(iv)** पहिए के आविष्कार से मनुष्य के जीवन में क्या परिवर्तन आया? **[2]**

**(v)** पालकी यात्रा में कितने लोग शामिल होते थे और क्यों? **[2]**

**प्रश्न.2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-**

दो वर्ष पूर्व पिंगू नामक कुत्ता बस्ती के पास वाली झाड़ी में फेंका हुआ पाया गया था। किसी ने उसके जबड़े लोहे के तार से कसकर बाँध दिए थे। कुछ बच्चों की नजर जब उस पर पड़ी, तो उन्होंने यह सूचना एनिमल लवर्स ग्रुप के वॉलेंटियर को दी और तब दो दिनों तक भूखा-प्यासा रहने के बाद उसे मुक्त किया गया। इस घटना ने पिंगू की आवाज़ छीन ली। अब वह भौंक नहीं सकता था।

किसी का पालतू न होने पर भी वह मुहल्लेवालों का प्रिय है। एक रात पिंगू ने एक फ्लैट की सीढ़ियों पर किसी नकाबपोश को चढ़ते हुए देखा। उसे समझते देर न लगी कि वह कोई बदमाश है। उसने झपटकर उसका नकाब नोच डाला। बदमाश उसके पिछले पैरों पर चाकू से वार करता हुआ वहाँ से भाग चला। पिंगू वहीं सीढ़ियों पर गिर पड़ा और रातभर तड़पता रहा। सुबह लोगों ने जब उसे देखा, तो एनिमल लवर्स ग्रुप के वॉलेंटियर को बुलाया गया और उसकी चिकित्सा कराई गई।

**(i)** एनिमल लवर्स ग्रुप के वॉलेंटियर को पिंगू के झाड़ी में पड़े होने की सूचना किसने दी? **[1]**

**(a)** चोर ने **(b)** पुलिस ने

**(c)** बच्चों ने **(d)** एक वृद्ध व्यक्ति ने

**(ii)** बदमाश से लड़ने के दौरान पिंगू का कौन-सा अंग घायल हुआ? **[1]**

**(a)** जबड़ा **(b)** आँख

**(c)** अगले पैर **(d)** पिछले पैर

**(iii)** पिंगू के जबड़े किससे कसकर बाँध दिए थे? [**1]**

**(a)** तार **(b)** सोना

**(c)** रस्सी (**d)** रबर

**(iv)** जबड़े बाँधे जाने पर पिंगू कितने दिनों तक भूखा-प्यासा रहा और उसका क्या परिणाम हुआ ? **[2]**

**(v)** पिंगू ने किसके ऊपर हमला किया और क्यों? **[2]**

## <u>**खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)**</u> 17अंक

**प्रश्न.3 समास और संधि पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (कोई तीन)** **[3]**

**(i)** समास के कितने प्रकार हैं?

**(ii)** 'जीवन का साथी' का समस्त पद बनाइए|

**(iii)** गण + ईश= शब्दों की संधि कीजिए|

(**iv)** पो + अन = शब्दों की संधि कीजिए|

**प्रश्न.4 विलोम और पर्यायवाची शब्दों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो )** **[2]**

**(i)** गुरु का पर्यायवाची शब्द लिखिए **|**

**(ii)** पंकज कीचड़ में खिलता है **|**(रेखांकित शब्द का पर्यायवाची लिखिए**)**

**(iii**) मैं जानती हूँ कि तुम्हारा हृदय कोमल है **----------** नहीं **| (**रेखांकित शब्द का विलोम लिखिए**)**

**(iv)** वरदान का विलोम शब्द लिखिए**|**

**प्रश्न.5 क्रिया- विशेषण और संबंध -बोधक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो )** **[2]**

**(i)** रीतिवाचक क्रिया -विशेषण का एक उदाहरण दीजिए |

**(ii)** रमेश कल लौटेगा | (क्रिया विशेषण शब्द पहचानिए )

**(iii)** शर्ट के ऊपर स्वेटर पहन लो | (संबंध -बोधक शब्द पहचानिए)

**प्रश्न.6 उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- (कोई दो )** **[2]**

**(i)** अभिमान शब्द में उपसर्ग और मूल बताइए |

**(ii)** 'पन' प्रत्यय से से एक शब्द बनाइए |

**(iii)** 'भाग्यवान' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय बताइए |

**प्रश्न.7 काल और वाक्य पर आधारित प्रश्नों उत्तर दीजिए :- (कोई दो )** **[2]**

**(i)** वन में एक साधु रहता था | (काल का नाम बताइये)

(**ii)** दादी खाना पका रही है | (काल का नाम बताइये)

**(iii)** किसान खेत में काम कर रहा है | (अर्थ के आधार पर वाक्य का नाम बताइये )

**(iv)** आप क्या खाएँगे? (अर्थ के आधार पर वाक्य का नाम बताइये )

**प्रश्न.8 लिंग और वचन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो )** **[2]**

**(i)** दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए - कवयित्री , चूहा

**(ii)** दिए गए शब्दों के वचन बदलिए -पत्ता , दवाई

**(iii)** हिंदी में वचन के कितने प्रकार हैं?

**प्रश्न.9 दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:- :- (एक )** **[1]**

**(i)** जिसे अनुभव हो -

**(ii)** जो बात कही न गई हो-

**प्रश्न.10 वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियाँ और विराम चिह्नों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो )** **[2]**

**(i)** दिए गए शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए :- भारतिय , दुसरा , आयू

**(ii)** ओह ये तो बुरा हुआ (सही विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए)

**(iii)** मुझे पढ़ने का शौक है (सही विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए)

**प्रश्न.11 मुहावरों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ::- (कोई दो )** **[2]**

**(i)** कान भरना मुहावरे का अर्थ बताइए |

**(ii)** आँखों का तारा मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए |

**(iii)** अंधे की लाठी मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए|

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक ) 24अंक

**प्रश्न.12 दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :-** **[5]**

जब रियासत देवगढ़ के दीवान सरदार सुजानसिंह बूढ़े हुए तो परमात्मा की याद आयी। जा कर महाराज से विनय की कि दीनबंधु ! दास ने श्रीमान् की सेवा चालीस साल तक की, अब मेरी अवस्था भी ढल गयी, राज-काज सँभालने की शक्ति नहीं रही। कहीं भूल-चूक हो जाय तो बुढ़ापे में दाग लगे। सारी जिंदगी की नेकनामी मिट्टी में मिल जाय।

राजा साहब अपने अनुभवशील नीतिकुशल दीवान का बड़ा आदर करते थे। बहुत समझाया, लेकिन जब दीवान साहब ने न माना, तो हार कर उनकी प्रार्थना स्वीकार कर ली; पर शर्त यह लगा दी कि रियासत के लिए नया दीवान आप ही को खोजना पड़ेगा।

दूसरे दिन देश के प्रसिद्ध पत्रों में यह विज्ञापन निकला कि देवगढ़ के लिए एक सुयोग्य दीवान की जरूरत है। जो सज्जन अपने को इस पद के योग्य समझें वे वर्तमान सरकार सुजानसिंह की सेवा में उपस्थित हों। यह जरूरी नहीं है कि वे ग्रेजुएट हों, मगर हृष्ट-पुष्ट होना आवश्यक है|

**(i) प्रस्तुत पक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं**?

**(a)** नीलू **(b)** पंच परमेश्वर

**(c)** खुशबू आज भी याद है **(d)** परीक्षा

**(ii) सरदार सुजानसिंह महाराज से विनय क्यों करने गए**?

**(a)** वे राज्य छोड़कर विदेश जाना चाहते थे **(b) वे बीमार पड़ गए थे**

**(c)** वे बुढ़ापे के कारण पद छोड़ना चाहते थे **(d)** वे वेतन बढ़वाना चाहते थे

**(iii) सुजानसिंह ने महाराज से पद छोड़ने का मुख्य कारण क्या बताया**?

**(a)** अनुभव की कमी **(b)** राज-काज में रुचि न रहना

**(c)** भूल-चूक हो जाने का डर **(d)** नए दीवान को अवसर देना

**(iv) नए दीवान के लिए विज्ञापन में कौन**-**सी बात आवश्यक बताई गई**?

**(a)** उच्च शिक्षा **(b)** राजनैतिक अनुभव

**(c)** हृष्ट-पुष्ट होना **(d)** शाही परिवार से होना

**(v) कथन** (A) **और कारण** (R) **को पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**-

**कथन (A):** सरदार सुजानसिंह ने दीवान पद छोड़ने का निर्णय लिया।

**कारण (R):** वे नहीं चाहते थे कि बुढ़ापे में किसी भूल से उनकी जीवन भर की प्रतिष्ठा नष्ट हो जाए।

**(a)** कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

**(b**) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

**(c)** कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

**(d)** कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

**प्रश्न.13 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[4]**

**(i)** मनोहर और ताजवीर के बीच क्या तय हुआ**?**

**(ii)** जिमी ने बॉब को बंदी क्यों नहीं बनाया**?**

**(iii)** खरगोशों की रक्षा करना नीलू को महँगा क्यों पड़ गया**?**

**(iv)** डाकू खड्गसिंह का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ**?**

**प्रश्न.14 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए** : **(कोई एक)** **[3]**

(**i**) बूढ़े माता **-**पिता के प्रति बच्चों के क्या कर्तव्य होना चाहिए**?**

**(ii)** बाबा भारती हार कर भी क्यों जीत गए **|** इस पाठ से आपको कौन **-**सी सीख मिलती है**?**

**प्रश्न.15 दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :-** **[5]**

मैया मोहि दाऊ बहुत खिझायौ।
मोसौं कहत मोल कौ लीन्हौ, तू जसुमति कब जायौ?
कहा करौं इहि रिस के मारैं खेलन हौं नहिं जात।
पुनि-पुनि कहत कौन है माता को है तेरौ तात॥
गोरे नंद जसोदा गोरी, तू कत स्यामल गात।
चुटुकी दै-दै ग्वाल नवावत, हँसत, सबै मुसुकात॥

**(i)** इस पद में कृष्ण किससे शिकायत कर रहे हैं?

**(a)** नंद से **(b**) यशोदा से

**(c)** बलराम से **(d)** ग्वालों से

(ii) 'दाऊ' शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है?

**(a)** नंद के लिए **(b)** ग्वाल के लिए

**(c)** बलराम के लिए **(d)** मित्र के लिए

(iii) कृष्ण को कौन-सी बात सुनकर बहुत क्रोध आता है?

**(a)** खेलने से मना किया जाना **(b)** मोल लेकर खरीदे जाने की बात

**(c)** ग्वालों का खेलना **(d)** माँ का डाँटना

**(iv)** प्रस्तुत पंक्तियों के कवि का नाम है :-

**(a)** रहीमदास **(b)** सूरदास

**(c)** तुलसीदास **(d)** कबीरदास

**(v) निम्न कथन** (A) **और कारण** (B) **को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**-

**कथन (A):** कृष्ण इस पद में खेलने नहीं जाते|
**कारण (R):** दाऊ उन्हें बार-बार चिढ़ाकर यह कहते है कि वे यशोदा के पुत्र नहीं हैं, जिससे उन्हें बहुत क्रोध आता है है।

**(a)** कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

**(b**) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

**(c)** कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

**(d)** कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

**प्रश्न.16 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[4]**

**(i)** कवि को बादलों की पोशाक सोने की तरह क्यों लगती है**?**

**(ii)** माँ यशोदा कृष्ण को क्या कहकर मना रही हैं**?**

**(iii)** तिनका निकल जाने के बाद कवि ने क्या सोचा**?**

**प्रश्न.17 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए** : **(कोई एक)** **[3]**

**(i)** मोहन किन संबोधनों से किन्हें क्या कहकर बुलाते हैं**?** बाल कृष्ण की दो विशेषताएँ बताइए**?**

**(ii)** आप विनम्रता और अहंकार में से किसे अपनाएँगे और क्यों **?**

**खंड घ** (लेखन-कौशल**)** 25अंक

**प्रश्न.18 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :-** **[5]**

**(i)** मेरा देश भारत

**(ii**) मेरा प्रिय शिक्षक

**(iii)** पेड़-पौधों का महत्व

**प्रश्न.19** नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन लिखिए:- **[5]**

**(i)** स्कूल बैग

**(ii)** सोनाटा घड़ी

**(iii)** पेन

**प्रश्न.20 निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पर पत्र अथवा सूचना लेखन लिखिए :- [5]**

**(i)** मनपसंद पुस्तक खरीदने के लिए पिता जी को पत्र लिखकर पैसे भेजने का अनुरोध कीजिए |

**अथवा**


**(ii)** आपके विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है | इसके लिए सूचना लेखन तैयार कीजिए |

**प्रश्न.21 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80 शब्दों संवाद लिखिए :- [5]**

**(i)** दो मित्रों के बीच परीक्षा की तैयारी पर संवाद

**(ii**) जन्मदिन मनाने के बारे में माँ और बेटे की बीच संवाद

**प्रश्न.22 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए | [5]**



=============================== समाप्त ===============================